तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026



14 7 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन...





14 सरस्वती उमावि कसेकेरा में बाल...






## खबर संक्षेप



### 25 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने ग्राम गिरना में एक व्यक्ति के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर गिरना के नाला के पास हेमसागर बरिहा पिता प्रताप बरिहा (37 साल) गिरना के कब्जे से विक्रम नगर पारा के पास 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### दुकानदार ने की ग्राहक से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम सलडीह में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सांकरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सूरत बुढ़ेक पिता विक्रम बुढ़ेक (47 साल) सलडीह थाना सांकरा 14 जुलाई की शाम करीबन 05 बजे जब बाजार में चिकन खरीदने उपेंद्र साव के मुर्गा दुकान गया था। इसी दौरान अच्छा चिकन देने की बात पर हुए विवाद में आरोपी उपेंद्र ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का व हाथ में रखे डंडे से सूरत बुढ़ेक के साथ मारपीट कर दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# भगवान जगन्नाथ स्वामी ने दिए नेत्रदर्शन, आज निकलेगी धूमधाम से रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्नान पूर्णिमा पश्चात बीमार चल रहे श्री राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की अनासार लीला के तहत विशेष उपचार एवं सेवा पश्चात बुधवार को नेत्रदर्शन हुए। आज मंगला आरती के बाद शहर में रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। बता दें कि पूर्णिमा पर महाअभिषेक के बाद भगवान के अस्वस्थ होने की धार्मिक मान्यता के चलते मंदिर के पट बंद रहे और और निर्धारित परंपराओं के अनुसार आयुर्वेदिक उपचार हुआ।

मंदिर समिति और पुजारी नारायण दास वैष्णव ने बताया है कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान को ज्वर आने की मान्यता है। इसी कारण उन्हें एकांत विश्राम कक्ष में रखा गया है और धार्मिक ग्रंथों में वर्णित विधि से सेवा की गई। उपचार क्रम के तहत पांच दिन पहले प्रथम दिवस फुलेरा तेल से मालिश की गई। दूसरे दिन औषधीय पाना अर्पित किया गया। इसके बाद दशमूलारिष्ट का काढ़ा तथा शनिवार को अनार के काढ़े का भोग लगाया गया। भगवान को स्वास्थ्य लाभ के लिए दालचीनी, जावित्री, काली मिर्च, लौंग और इलायची जैसे औषधीय पदार्थों से तैयार विशेष काढ़ा भी अर्पित किया गया। 15 जुलाई को नेत्रोत्सव के अवसर पर भगवान पहली बार भक्तों को दर्शन देंगे।

इसे नवयौवन दर्शन के रूप में भी मनाया जाएगा। आज गुरुवार 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथयात्रा को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रथ का रंग-रोगन कर उसे आकर्षक स्वरूप दिया गया है।

## 15 दिनों से दशमूल काढ़ा, अनार काढ़ा, अनासार से हुआ महाप्रभु जगन्नाथ का इलाज



### श्रद्धालुओं में रथयात्रा को लेकर विशेष उत्साह

राममंदिर के पुजारी नारायण दास वैष्णव ने बताया कि रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए इस बार 5.30 क्विंटल गजामूंग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। धार्मिक परंपरा के अनुसार रथयात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर विश्राम करने जाते हैं। इसके बाद 25 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान की मंदिर वापसी होगी। बहुड़ा यात्रा के साथ भगवान पुनः अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे और मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान तथा मांगलिक कार्यों का क्रम पुनः प्रारंभ हो जाएगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से रथयात्रा एवं बहुड़ा यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## कार्रवाई: वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई, आरोपी भेजे गए जेल

# साही का अवैध शिकार, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



साही (इंडियन पॉर्कुपाइन) के अवैध शिकार पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय के मार्गदर्शन एवं उपवन मंडलाधिकारी गोविंद सिंह के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र बागबाहरा द्वारा संचालित सघन गश्ती एवं वन्यजीव संरक्षण अभियान के तहत विभाग ने आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन वर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की। जांच में रैताल बीट के आरक्षित वन के कक्ष क्रमांक 154 में साही के अवैध शिकार की पुष्टि हुई। विवेचना एवं पूछताछ के दौरान ग्राम नवाडीह (खम्हरिया) के पांच व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपियों ने शिकार किए गए साही के मांस को काटकर आपस में बांटकर रखा था। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 22666/05, दिनांक 13 जुलाई 2026 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 2(16), 9, 39, 50 एवं 51 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई।

वन विभाग ने गिरधारी गोंड, लोकनाथ गोंड, नागेश्वर गोंड, सियाराम राजपूत एवं नरसिंह कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर नवीन शर्मा, वनरक्षक डिलेश्वरी कंवर, नीलकंठ दीवान, वीरेंद्र दीवान सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही। साथ ही वन प्रबंधन समिति नवाडीह (खम्हरिया) के सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। वन विभाग ने आम नागरिकों से वन्यजीवों के संरक्षण में सहयोग करने तथा वन्यजीवों के अवैध शिकार या तस्करी संबंधी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल वन विभाग को देने की अपील की है। वन्यजीव संरक्षण के लिए विभाग द्वारा सघन गश्त एवं निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### हल्की बारिश ने दी उमस से राहत

**महासमुंद**। गुरुवार की सुबह से ही बादल छाए रहे। सुबह और शाम हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है.










**खबर संक्षेप**

## क्लासमेट पर फेंकी पानी की बोतल फिर बाहरी लड़के बुलाकर चाकूबाजी

**रायपुर।** जिले के शासकीय स्कूल में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मामला धरमपुरा क्षेत्र स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल फुंडहर का है। यहां 11वीं कक्षा के छात्रों के मध्य मामूली बात पर चाकू चल गए। पूरी घटना सोमवार दोपहर 3.15 मिनट की है। कक्षा में पढ़ाई के दौरान एक छात्र ने अपने क्लासमेट पर पानी की बोतल फेंक दी। कारण पूछे जाने पर बोतल फेंकने वाले छात्र ने कक्षा से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी। धमकी देने वाले छात्र ने अपने अन्य साथियों को बुलाया, जो स्कूल में अध्ययनरत नहीं थे। उन्होंने मिलकर शाला गेट के बाहर छात्र को चाकू मारे। हमले में छात्र की जांघ पर गंभीर जख्म आया है। छात्र को आनन-फानन में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्र की हालत फिलहाल स्थिर है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने इसके आधार पर कार्रवाई कर जांच पूरी की।

## नमस्ते दिवस पर सफाई मित्रों का सम्मान, रायपुर नगर निगम ने बांटी पीपीई किट

**रायपुर।** मंगलवार को नमस्ते दिवस के मौके पर निगम मुख्यालय भवन के सामान्य सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने सफाई मित्रों का सम्मान किया, और उन्हें पीपीई किट का वितरण किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सफाई मित्रों की सुरक्षा और सम्मान हमारा दायित्व है। महापौर ने सफाई मित्रों से अपील की कि जोखिम के कार्यो को सफाई मित्र ना करें, अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें ।
स्मरण रखें कि उनके पीछे उनके परिवारजन भी हैं और उनका दायित्व है।
सफाई मित्रों को फील्ड पर कार्य करने से पहले पूर्व निधारित सुरक्षा मानकों के सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जावे। इस अवसर पर प्रत्येक जोन को 20-20 पीपीई किट उपलब्ध कराने की घोषणा की।
कार्यक्रम में अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, उपायुक्त स्वास्थ्य जसदेव सिंह बाबरा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी योगेश कडू सहित सफाई मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने में सफाई मित्रों का अहम योगदान है। उन्हें पहले सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## स्कूली बच्चों को गणवेश पाठ्य पुस्तक वितरित

**रायपुर।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा टिकरापारा स्थित उच्चतर माध्यमिक स्कूल में मंगलवार को स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाश्ते में बच्चों को पोहा और जलेबी दिए गए। इसी दौरान विद्यालय की प्राचार्या और मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरित की गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय में ट्रस्ट की ओर से वृक्षारोपण भी किया गया।

### श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा रथयात्रा महोत्सव

# ऐतिहासिक मंदिर से आज निकलेगी जगन्नाथ रथयात्रा

**कोमाखान/बोईरगांव।** नगर के लगभग 250 वर्ष से अधिक प्राचीन एवं ऐतिहासिक राधा-कृष्ण, जगन्नाथ एवं हनुमान मंदिर, कोमाखान में 16 जुलाई 2026 (गुरुवार) को जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव एवं विशाल मेले का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का वातावरण है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

मंदिर ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात दोपहर 3 बजे भव्य रथयात्रा राधा-कृष्ण, जगन्नाथ एवं हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रभु के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर प्रभु का स्वागत, आरती एवं पुष्पवर्षा की जाएगी।

जगन्नाथ रथयात्रा भारतीय सनातन संस्कृति एवं वैष्णव परंपरा का एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देने एवं उनका कल्याण करने के लिए रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करते हैं। प्रभु के



रथ के दर्शन, स्पर्श एवं रथ की रस्सी खींचने का विशेष आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि रथयात्रा में सहभागी बनने वाले भक्तों पर भगवान जगन्नाथ की विशेष कृपा बनी रहती है तथा जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार होता है।

कोमाखान में आयोजित यह रथयात्रा क्षेत्र की प्राचीन धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण प्रतीक है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन के दौरान विशाल मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहेगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। ट्रस्ट ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालु भक्तों एवं क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार, इष्ट-मित्रों एवं परिजनों सहित इस भव्य धार्मिक आयोजन में सहभागी बनकर प्रभु जगन्नाथ के दिव्य रथ के दर्शन करें तथा उनके मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त करें।

## जिपं के नवपदस्थ सीईओ अनुपमा आनंद का किया गया स्वागत



**महासमुंद।** जिला पंचायत में नवपदस्थ सीईओ अनुपमा आनंद के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर तथा जिला पंचायत सदस्यगण रवि फ़रोदिया, करण सिंह दीवान, रामदुलारी सिन्हा, जगमोतिन बाई, शदेवकी दीवान, कुमारी भास्कर, लोकनाथ बारीक, जागेश्वर (जुगनू) चंद्राकर, देवकी पटेल, नैन पटेल, सृष्टि अमर चंद्राकर, मोक्ष प्रधान एवं सीमा लोकेश नायक द्वारा उनका आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने अनुपमा आनंद को उनके सफल कार्यकाल तथा जिले के उज्ज्वल, समृद्ध एवं सर्वांगीण विकास की मंगलकामना की।

## देवरी स्कूल में बाल कैबिनेट का हुआ गठन, शपथ भी दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में बाल केबिनेट का गठन कर शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में छात्रसंघ प्रभारी व्याख्याता रवि प्रकाश पात्रे ने विद्यालय के समस्त स्टॉफ के सहयोग से सूची को अंतिम रूप देकर पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। बाल केबिनेट के पदाधिकारियों में मनोनीत सदस्य अध्यक्ष संयुक्त रूप से धनेश्वरी सेन और गायत्री साहू, उपाध्यक्ष दीक्षा चक्रधारी और डीपेन यादव, सचिव केयूर भूषण, सहसचिव दुर्गा साहू, विज्ञान सचिव छाया पटेल, ईको क्लब सचिव फिजा ठाकुर, क्रीड़ा सचिव भूपेश्वरी साहू, सांस्कृतिक सचिव सुष्मिता पटेल, रेडक्रॉस सचिव रीना पटेल,




गणित सचिव कुन्दन, अनुशासन सचिव सोहेल साहू, स्वास्थ्य सचिव सेजल यादव को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने शपथ दिलाई दिलाते हुए समस्त पदाधिकारियों को अपने जिम्मेदारी निभाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण संजय कुमार बारसागड़े, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, बीएल टंडन, नीलू सोनी, लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, सहायक शिक्षक, मौसमी चंद्राकर, उद्देश्याम यादव, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश कुमार साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## एचपीवी टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन 300 से अधिक किशोरियों को लगाए जा रहे टीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण सप्ताह का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिलेभर में अभियान को गति दे रही हैं। अभियान का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं का निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण कर उन्हें भविष्य में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से सुरक्षित करना है।

जिले में अभियान के तहत प्रतिदिन 300 से अधिक किशोरियां एचपीवी टीका लगवाकर सुरक्षा कवच प्राप्त कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य



हासिल करने के लिए विद्यालयों तथा स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लगातार जागरूकता और टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। विशेष टीकाकरण सप्ताह के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों, जिनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बागबाहरा शामिल हैं, का भ्रमण कर रहे हैं। वे छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालयीन स्टाफ के साथ संवाद कर एचपीवी टीके की उपयोगिता, सुरक्षा और आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एवं अत्यंत प्रभावी है यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करने में भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में लगाया गया यह टीका बालिकाओं के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों और भ्रांतियों पर विश्वास न करें। अपनी 14 से 15 वर्ष आयु की बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि पात्र बालिकाएं अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में निःशुल्क एचपीवी टीका लगवा सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

## नपा की चल एवं अचल संपत्ति भौतिक सत्यापन समिति की हुई बैठक



**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद महासमुंद की चल एवं अचल सम्पत्तियों के भौतिक सत्यापन के लिए गठित समिति की बैठक नगर पालिका कार्यालय में हुई। बैठक में नगर पालिका की समस्त चल एवं अचल संपत्तियों का विभागवार भौतिक सत्यापन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा ने कहा कि प्रत्येक विभाग में उपलब्ध अभिलेखों का मिलान वास्तविक स्थिति से करते हुए सम्पत्तियों का सत्यापन किया जाए। जिन सम्पत्तियों का अभिलेखों से मिलान नहीं हो रहा है अथवा जिनमें किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, उसका पृथक प्रतिवेदन तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभागों के प्रभारी आवश्यक अभिलेख, स्टॉक पंजी, क्रय अभिलेख एवं अन्य संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे, ताकि नगर पालिका की सम्पत्तियों का पारदर्शी एवं व्यवस्थित भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। समिति ने निर्धारित समयावधि में सत्यापन कार्य पूर्ण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

बैठक में समिति के अध्यक्ष एसडी शर्मा, सदस्य हेमंत पिस्दा, करण कुमार यादव, दुर्गेश कुंजेकार, नरेश ध्रुव, सुरेश प्रसाद तिवारी, गुमान सिंह ध्रुव, नौशाद बक्श सहित अन्य सदस्य एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवाओं ने स्वयं ली नशामुक्ति की शपथ, सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बिरकोनी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस एवं नशा मुक्ति व यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आधुनिक कौशल के महत्व से परिचित कराकर आत्मनिर्भर बनाना और साथ ही उन्हें नशे के दुष्प्रभावों व सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बिरकोनी के सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर रहे। साथ ही मंच पर मानसिंह भदौरिया (सहायक उपनिरीक्षक, यातायात पुलिस), हरीश चंद्राकर (आरक्षक, यातायात पुलिस), कृष्ण कुमार (यातायात पुलिस विभाग), महेंद्र दीवान (यातायात पुलिस विभाग), अशोक चक्रधारी (मेरा युवा भारत) तथा सामुएल बर्मन (सीनियर ट्रेनर, लाइवलीहुड कॉलेज) सहित कॉलेज के अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में युवा, युवतियाँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे मेरा युवा भारत के अशोक चक्रधारी ने उपस्थित



युवाओं को डिजिटल माध्यम से जुड़ने और जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर लॉगिन करने और रजिस्ट्रेशन करने की विस्तृत प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल से जुड़कर युवा सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं, खेल गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण के कार्यक्रमों का सीधा लाभ उठा सकते हैं।

कौशल से खुलेगा आत्मनिर्भरता का मार्ग लाइवलीहुड कॉलेज के सीनियर ट्रेनर सामुएल बर्मन ने कॉलेज में संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी कोर्स की जानकारी दी। मुख्य अतिथि सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर ने इस संयुक्त पहल की सराहना की। यातायात विभाग के जवानों ने विशेष मार्गदर्शन दिया। साथ ही नियम यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने के लिए प्रेरित किया। यातायात नियमों की विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। पुलिस टीम ने सभी लोगों ने एक सुर में नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का संचालन युवाओं द्वारा स्वयं किया गया। इसमें खुशबू, मेनका, मीरा, भामनी, एकता और चंचली ने सक्रिय भूमिका निभाई और समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

इसी कड़ी में गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें मेनका, तरुणी और खुशबू सहित कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को 'मेरा युवा भारत' तथा अतिथियों व यातायात पुलिस अधिकारियों के हाथों प्रमाण पत्र, मोमेंटो, विशेष पुरस्कार और फाइल फोल्डर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## देवेश बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रायगढ़ जिला प्रभारी

**पिथौरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और पिछड़ा वर्ग मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पिथौरा नगर पंचायत के पांचवीं बार निर्वाचित अध्यक्ष देवेश निषाद को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का रायगढ़ जिला प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी संगठन द्वारा जारी अधिकृत आदेश के माध्यम से की गई है।



देवेश भाजपा के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन में कार्य करते रहे हैं। स्थानीय निकाय की राजनीति में उनकी मजबूत पकड़, जनसरोकारों से जुड़ाव तथा संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष के रूप में लगातार पांचवीं बार जनता का विश्वास प्राप्त करना उनके जनाधार और लोकप्रियता को दर्शाता है।

रायगढ़ जिला प्रभारी के रूप में देवेश निषाद पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। संगठन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में मोर्चा रायगढ़ जिले में और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएगा। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही पिथौरा सहित महासमुंद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। देवेश निषाद को नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व कौशल से पार्टी को रायगढ़ जिले में नई ऊर्जा मिलेगी तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संगठनात्मक कार्यों को और गति प्राप्त होगी। देवेश ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति-नीति और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिली बोनस की सौगात

### जिले के 76,650 संग्राहक परिवारों को 12.40 करोड़ की बोनस राशि सीधे खाते में मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेंदूपत्ता संग्राहकों का लंबे समय से प्रतीक्षित बोनस का इंतजार अब खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा 03 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि मंडपम (ऑडिटोरियम) रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2023 के तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) वितरण का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केदार कश्यप, सहकारिता, परिवहन एवं वन मंत्री के मार्गदर्शन से महासमुंद जिला के तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2023 के अधिक बोनस राशि प्राप्त करने वाले 02 संग्राहक एवं तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 के अधिक संग्रहण पारिश्रमिक राशि प्राप्त करने वाले 02 संग्राहकों को सम्मानित किया गया एवं उनके बैंक खाता में राशि भुगतान के संबंध में प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के प्रबंध संचालक ने बताया कि जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित महासमुन्द सीजन 2023 के सम्पूर्ण विक्रय उपरांत लाभ पर रहे 65 प्राथमिक लघु वनोपज समितियों के 680 फड़ों के आश्रित ग्रामों के कुल 76,650 संग्राहक परिवारों को 12.40 करोड का बोनस राशि का




भुगतान आनलाईन साफ्टवेयर के माध्यम से उनके बैंक खातों में प्राप्त होगा। 14 जुलाई 2026 की स्थिति में 3.28 करोड़ की राशि संग्राहकों के बैंक खाता में हस्तांतरित की गई है । शेष पात्र संग्राहकों के बैंक खाता में बोनस की राशि हस्तांतरण की कार्रवाई किया जा रहा है। संग्राहकों द्वारा सीजन 2023 में तोड़े गये तेंदूपत्ता मात्रा के आधार पर उनको बोनस राशि का भुगतान के लिए ऑनलाईन साफ्टवेयर में उनके नाम के सम्मुख बोनस राशि की प्रविष्टि की जा रही है। साथ ही 2023 के जिन संग्राहकों का नाम साफ्टवेयर में नहीं है, उनका नाम, बैंक एवं आधार सहित जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। इससे 2023 के सभी संग्राहकों को उनके बैंक खाता से बोनस राशि प्राप्त हो सकेगी। यह सुनिश्चित किया जा रहा है, कि सीजन 2023 के सभी संग्राहकों को बोनस की राशि प्राप्त हो। सभी समितियों को निर्देशित किया गया है, कि वे पात्र सभी संग्राहकों की सूची को पुनः जांच कर आवश्यक सुधार शीघ्र करें। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 के 81,597 संग्राहक परिवारों को संग्रहण पारिश्रमिक 41.52 करोड़ रुपए के साथ ही वर्ष 2023 के 76,650 संग्राहक परिवार को बोनस राशि 12.40 करोड़ रुपए का भुगतान हो रहा है, जिसकी योग राशि 53.92 करोड़ है। इससे उनके दैनिक जीवनयापन, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आवश्यक कार्यों में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगा।

## ऐसी झिझक जो खत्म नहीं हो रही, 31 लाख को लगाना है एचपीवी वैक्सीन, लगे सिर्फ 78 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भविष्य में विपरीत असर होने की आशंका के बाद एचपीवी वैक्सीन के लिए लोगों में फैली झिझक खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। चार महीने से चल रहे सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ निशुल्क वैक्सीनेशन के अभियान में राज्य में आंकड़ा केवल 25 फीसदी पर ही सिमटा हुआ है। राज्य में 31 लाख किशोरियों को यह टीका लगाना है, मगर अब तक 78 हजार के वैक्सीनेशन में सफलता मिल पाई है। रायपुर जिला इस मामले में 26वें नंबर पर है, जिसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि आबादी के हिसाब से यहां लक्ष्य ज्यादा है।

केंद्र सरकार महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाले सर्वाइकल कैंसर




पर रोक लगाने के लिए देशभर में एचपीवी वैक्सीनेशन का निशुल्क अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान की शुरुआत मार्च में की गई थी। उस दौरान यहां 31 लाख 2522 किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसकी सुविधा जिला अस्पतालों, मेडिकल कालेज के साथ एम्स में भी दी गई थी। अफसरों के अनुमान के विपरीत किशोरियों को यह टीका लगवाने परिजन राजी नहीं हुए। इसकी वजह वैक्सीन के साइड इफेक्ट पर फैली भ्रांतियां ने लोगों को टीका केंद्र तक जाने से रोक दिया। विभागीय स्तर पर परिजनों की धारणा बदलने लगातार प्रयास किया जा रहा है, मगर लोगों की झिझक दूर नहीं हो पा रही है, जिसका असर इस वैक्सीनेशन अभियान पर पड़ रहा है। राज्य में अब तक करीब 78 हजार लोगों को टीका लगाने में सफलता मिली है और लगभग 30 लाख 22 हजार लोगों को यह टीका लगाना है। इसमें रायपुर जिले के पास सबसे ज्यादा 29 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें लगभग 33 सौ किशोरियों को यह टीका लगाने की वजह से राज्य में 26वें नंबर पर है।

## खबर संक्षेप

### पार्षद दिव्या ने की चौक और मैदानों का नाम महापुरुषों पर रखने की मांग



**सरायपाली।** नगर पालिका परिषद के वार्ड 10 महारानी लक्ष्मीबाई के पार्षद दिव्या आशीष सेन ने पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रमुख चौकों एवं खेल मैदानों का नाम हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों, समाज सुधारकों, संविधान निर्माताओं एवं अन्य महापुरुषों के नाम पर रखने की मांग की है। उन्होंने नगर के पुरानी मंडी गांधी चौक पर भारत के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने, हाईस्कूल स्थित मिनी स्टेडियम का नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने, मंडी परिसर मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापित करने, बैतारी चौक से गौरव पथ शुरुआत में चौक रानी अहिल्या बाई होल्कर के नामकरण के साथ ही मूर्ति स्थापित करने की मांग की। इससे नई पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन, उनके आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की प्रेरणा मिलेगी तथा नगर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान भी मजबूत होगी।

### शत-प्रतिशत बालिकाओं को लगा एचपीवी का टीका

**सरायपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक व खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर तोरेसिंहा में 14 वर्ष की सभी पात्र बालिकाओं का एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया। अभियान के दौरान 25 पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र की सभी 14 वर्षीय पात्र बालिकाओं का शत प्रतिशत टीकाकृत कर लक्ष्य पूर्ण किया। इस अभियान से भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस टीकाकरण अभियान में सरपंच सुनीता कुम्हार, स्वास्थ्य विभाग से आरएमए डीबी कुर्रे, सुपरवाइजर सुरेश पटेल, आरएचओ किरण सिंह, सीएचओ जानकी यादव, मितानिन पुष्पा, ऑपरेटर राधाकांत भोई तथा शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों का सहयोग रहा। के आयुष्मान एंबेसडर शिक्षकगण की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग सराहनीय रहा।

### देवंतीन चंद्राकर का निधन



**कोमाखान।** ग्राम सुअरमाल निवासी सोहन लाल चंद्राकर की धर्मपत्नी देवंतीन चंद्राकर (64) का मंगलवार 14 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि मुक्तिधाम में की गई। वे मूलचंद (मनोज) चंद्राकर, गजेंद्र चंद्राकर एवं सुरेंद्र चंद्राकर की मां थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों के अलावा समाजजनों समेत बड़ी संख्या में परिजन सम्मिलित हुए।

# गांजा व नशीली दवा का अवैध परिवहन तीन मामलों में पांच लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





गांजा के दो और नशीली दवा के अवैध परिवहन के एक मामले में बसना और सिंघोड़ा पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 27 लाख का गांजा और नशीली दवा को बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 14 जुलाई को सूचना मिली थी कि पदमपुर रोड ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्र सीजी 10 एबी 6529 से बसना की ओर अवैध मादक पदार्थ गांजा लाया जा रहा है। मौके पर पहुंचेकर पुलिस ने वाहन को रूकवाया, जिसमें केवल चालक ही था। जिसने पूछताछ में अपना नाम धनीराम साहू पिता तुलस राम साहू (31 साल) निवासी लोहरसी(सोन) थाना पचपेड़ी बिलासपुर छग होना बताया। कड़ाई से पुछने पर वाहन में पीछे बोरियों में गांजा होना बताया। गांजा लाने की योजना उसने शिवरीनारायण मेला स्थल में एक सप्ताह पूर्व मिले नायक भैया नाम के व्यक्ति साथ मिलकर बनाई थी। उसी दिन नायक भैया ने एक नोकिया कंपनी का कीपैड मोबाईल दिया, जिसमें आरोपी ने अपना सिम कार्ड लगाया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि14 जुलाई को ओडिशा के एक व्यक्ति से मिला और गांजा को वाहन के पीछे लोड किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 50.200 किलोग्राम गांजा कीमत 25,00,000 रुपए को बरामद किया। इसके अलावा मोबाइल व वाहन भी जब्त किए गए। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

गांजा के अवैध परिवहन के दूसरे मामले में बसना पुलिस ने पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान हीरो एचएफ डिलक्स मोटरसायकल क्रमांक ओडी 03 जेड 5791 में सवार दो व्यक्ति को रोका। पूछताछ में संदेहियों ने बैग में गांजा रखना होना बताया। साथ ही संदेहियों ने अपने नाम भेला सागर भोई पिता पूर्णचंद्र भोई (50 साल) निवासी डूमेरपदर थाना पाटनागढ़ जिला बलांगीर ओडिशा तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अक्षय दास पिता पुणू दास (36 साल) निवासी डूमेरपदर थाना पाटनागढ जिला बलांगीर ओडिशा होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 4.220 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 2,00,000 रुपए, बाइक व मोबाइल को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख)(ii)(ख) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### नशीली दवा जब्त, दो लोग गिरफ्तार

सिंघोड़ा पुलिस ने नशीली दवा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 15 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि 02 व्यक्ति एक काले कलर की स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीपी 9850 में अवैध रूप से सिरप एवं टेबलेट लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद ग्राम रेहटीखोल चौक में पहुंच कर उक्त स्कूटी को रोका गया। स्कूटी में दो लोग सवार थे, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम शिवम दास उर्फ सोनू पिता जगमोहन दास (32 साल) बिलासपुर राजीव गांधी चौक मांझवापारा थाना तिफरा जिला बिलासपुर छग तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम संतोष सिंह पिता राकेश सिंह (38) पंडरीडीह थाना हिर्री जिला बिलासपुर का निवासी होना बताए। वहीं कड़ाई से पूछताछ करने पर स्कूटी की डिक्की के अंदर सिरप एवं टेबलेट रखा होना बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान 10 नग विन कोरेक्स कफ सिरप कीमत 2034.400 रुपए, व 05 पत्ता एसपी एएसएमओ प्रोक्सीवॉन प्लस टैबलेट कीमत 457.50 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के धारा 21(सी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# झलप क्षेत्र में एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




झलप क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद है। यहां एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी के मामले सामने आए हैं। पटेवा थाने में इन मामलों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

**च्वाईस सेंटर में चोरी:** झलप क्षेत्र के ढांक कलमी पेड़ चौक में च्वाईस सेंटर संचालित करने वाली सरिता चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह 12 जुलाई की शाम करीबन 05 बजे च्वाईस सेंटर का काम खत्म करके दुकान बंदकर लोहे का शटर गिराकर ताला लगाकर अपने निवास ग्राम ढांक चली गई थी। दूसरे दिन 13 जुलाई को सुबह करीबन 09 बजे वह अपने पति उमाशंकर चौधरी के साथ अपने च्वाईस सेंटर खोलने गई तो देखा कि ताला टूटा हुआ था और गल्ले में रखे नगदी रकम कुल 7000 रुपए नहीं थे।

**ट्रैक्टर पाट्‌र्स दुकान में चोरी:** चोरी के दूसरे मामले में हर्ष चंद्राकर निवासी ग्राम खुशरूपाली ने पुलिस को बताया कि झलप के छिलपावन चौक में उसकी ट्रैक्टर पाट्‌र्स की दुकान है। 12 जुलाई की रात करीबन 08 बजे दुकान को बंद कर अपने गांव चलाया गया। दूसरे दिन जब दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि शटर टूटा हुआ है। दुकान के अंदर जाकर देखने लकड़ी का गल्ला (दराज) का ताला भी टूटा हुआ मिला। जिसमें रखा 6200 रुपए नहीं था। प्रार्थी ने मामले की रिपोर्ट पटेवा थाने में दर्ज कराई है।

**बैटरी दुकान का ताला टूटा:** चोरी के तीसरे मामले में झलप के छिलपावन चौक में बैटरी दुकान संचालक अशरफ खान ने पुलिसको बताया कि 13 जुलाई की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि शटर टूटा हुआ। दुकान के अंदर गल्ले से नगद रकम कुल 18500 रुपए चोरी हो गए थे। पटेवा थाने में इन मामलों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 305(ए), 331(4) के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

# काला चावल व्यापार के नाम पर ठगी का मामला चार साल से फरार एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

**महासमुंद।** काले चावल के व्यापार के नाम पर ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए संपर्क कर एक फर्म को खरीददार उपलब्ध कराने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने चार साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर कोतवाली थाना में अपराध क्र 362/2022, धारा 420, 419, 120बी, 34 भादवि, 66डी आईटी एक्ट के तहत पूर्व में मामला दर्ज किया गया था। वहीं इस मामले के मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया अनुपमा सेन (40 साल) निवासी आशीर्वाद कॉलोनी ग्राम लभराखुर्द ने एक लिखित शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह सेन एंड सेन आर्गेनिक फर्म लभराखुर्द प्रोप्राईटर है तथा उसका लड़का अमर्त्य सेन फर्म का प्रबंधक, जो अपने फर्म के माध्यम से ऑनलाईन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से काले चावल का राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करते हैं तथा फर्म के उत्पाद काले चावल बिकी हेतु इंटरनेट के जरिये चांवल के ट्रेडिंग हेतु बायर्स तलाश रहे थे। वेबसाइट में ट्रेड इंडिया मार्ट ग्लोबल ट्रेड बाजार में बायर्स सर्च करने पर ग्लोबल ट्रेड बाजार से इनके फर्म का मोबाइल नंबर एवं जानकारी पूछे जाने पर सेन एंड सेन आर्गेनिक फर्म की पूरी जानकारी इनके द्वारा वेबसाइट में दर्ज कराने पर एक व्यक्ति जिसने अपना नाम अंकित शर्मा बताकर, स्वयं को ग्लोबल ट्रेड बाजार दिल्ली में कार्यरत कर्मचारी होना बताते हुए इनके फर्म का उत्पाद काला चावल के ट्रेडिंग के लिए ग्लोबल ट्रेड बाजार से बायर्स उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर 30.04.22 को ट्रेडिंग हेतु रजिस्ट्रेशन कराने अपने मोबाइल नंबर से फर्म के प्रबंधक के मोबाइल नंबर पर वाट्सअप के द्वारा लिंक भेजकर विभिन्न तिथियों में 68000 रुपए का भूगतान यूपीआई लिंक से फर्म से अपने खाते में कराया। उसके बाद आरोपी अंकित शर्मा ने लगातार कंपनी से संपर्क कर बातचीत का झांसा में लेकर फर्जी बायर्स से काला चावल का रेट तय कराकर इनके फर्म के प्रबंधक अमर्त्य सेन का मोबाइल नंबर बायर्स को उपलब्ध कराया और सर्टिफिकेट लेने व बनवाने प्रोत्साहित करते हुए एक मोबाइल नंबर के धारक जिसने अपना नाम अतुल शर्मा बताया और स्वयं को दिव्य कम्युनिकेशन का कर्मचारी बताकर काले चावल के इंटरनेशनल ट्रेडिंग हेतु सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र जिसमें ईजीसी प्रमाण पत्र, एनओसी प्रमाण पत्र, ग्लोबल प्रमाण पत्र, सीएसडीई सिस्टम पंजीकरण उपलबध कराने के लिए अपने दिव्य कम्युनिकेशन संस्था का खाता नंबर दिया। जिसे फर्म के खाता जो आईसीआईसीआई बैंक के खाता विभिन्न तिथियों में 18 लाख 30 हजार रुपए तथा फेडरल बैंक के खाताधारक आकाश शर्मा के खाता में विभिन्न तिथियों में 09 लाख 04 हजार रुपए कुल 28 लाख 47 हजार 600 रूपये फर्म के उत्पाद काला चांवल की ट्रेडिंग हेतु सर्टिफिकेट प्राप्त करने ट्रांजेक्शन किया गया तथा विभिन्न रजिस्ट्रेशन, एनओसी ग्लोबाल ट्रेड सर्टिफिकेट (जीटीसी) भेजा गया, जो सभी सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया। इस प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के बाद गिरफ्तार आरोपी अंकित तोमर पिता राजेश तोमर (26 साल) निवासी मोहन गार्डन नई दिल्ली के विरूद्ध अपराध धारा सदर का घटित करना सबूत पाये जाने से अभियोग पत्र दिनांक 25.01.2023 को न्यायालय पेश किया गया।

# महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन, प्राथमिकी दर्ज व सख्त कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व महिलाओं के खिलाफ सोशल मीडिया/ प्लेटफॉर्म फेसबुक पर की गई अत्यंत अभद्र, अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय व सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर आरोपी कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेंद्र दुबे निवासी काँपा (तुमगांव) के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए प्राथमिकी दर्ज की मांग की गई।

मामले की जानकारी देते हुए भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ताओं का चरित्र हमेशा से महिला विरोधी रहा है। अपनी राजनीतिक हताशा को छिपाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता अब हमारी घरेलू महिलाओं पर व्यक्तिगत और भद्दे हमले कर रहे हैं, जिसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। भाजयुमो नेताओं ने कहा, ₹यह केवल एक राजनीतिक दल की कार्यकर्ता का अपमान नहीं है, बल्कि समस्त नारी शक्ति का अपमान है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को अपने कार्यकर्ताओं की इस घटिया मानसिकता पर जवाब देना चाहिए।

### यह रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मधु यादव, वरिष्ठ भाजयुमो नेता नंदू जलक्षत्री, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे, जतिन रूपरेला, दिगेश साहू, अभिषेक पांडे, खुशाल ठाकुर, आयुष दुबे, दीपक राव, भुनेश्वर साहू, कुशल साहू, हितेश मांकडे एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# जम्हारी स्कूल में सातवें दिन भी तालाबंदी

## नियमित शिक्षकों की मांग पर अड़े पालक और विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



शासकीय हाईस्कूल जम्हारी में शिक्षकों की मांग को लेकर विद्यार्थियों व पालकों का धरना प्रदर्शन आज सातवें दिन भी जारी रहा। बीते छः दिनों से स्कूल में तालाबंदी है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी ठप पड़ी हुई है। इसके बावजूद प्रशासन स्तर पर जम्हारी में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर किसी प्रकार की गंभीरता नहीं दिख रही है, जिससे पालकों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

शासकीय हाईस्कूल जम्हारी में लगभग 150 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिन्हें पढ़ाने के लिए केवल तीन व्याख्यातागण ही पदस्थ हैं। उसमें से भी एक प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निभा रहे हैं। इसके अलावा स्कूल में एक क्लर्क एवं एक प्रयोगशाला सहायक हैं। विद्यालय में कई विषयों के पद खाली हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। विषय शिक्षकों के अभाव के कारण नाराज विद्यार्थियों एवं पालकों ने विगत 9 जुलाई को स्कूल में तालाबंदी कर दी थी और नियमित शिक्षकों की मांग पर अड़े हुए थे। अभी तक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाने के कारण आज सातवें दिन भी स्कूल के गेट पर ताला लगाकर सभी बाहर ही धरना प्रदर्शन पर डटे हुए हैं।

# गरीबों के आशियाने उजाड़ अपनी छवि चमकाने रोज 1.33 करोड़ खर्च कर रही भाजपा सरकार : अंकित



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2026 तक की अवधि में अपने विज्ञापन में 10 अरब 95 करोड़ 20 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किया है। यानी 1.33 करोड़ रोज़। बड़ी बात ये है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार में औसतन हर दिन किए जा रहे खर्च के ही आस–पास है। सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस विधायक सावित्री मनोज मंडावी के प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह जानकारी दी है। राज्य का जनसंपर्क मंत्रालय मुख्यमंत्री के पास ही है। इन आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी योजनाओं और कमाओं के प्रचार प्रसार में प्रतिदिन 1 करोड़ 33 लाख रुपए खर्च किए। इन खर्चों में सर्वाधिक 3 अरब 44 करोड़ 4 लाख 57 हजार 623 रुपए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर खर्च हुए हैं। इसके अलावा प्रिंट मीडिया पर 1 अरब 98 करोड़ 26 लाख 30 हजार 840 रुपए, डिजिटल मीडिया पर 55 करोड़ 81 लाख 91 हजार 658 रुपए, सोशल मीडिया पर 5 करोड़ 78 लाख 45 हजार 391 रुपए, प्रकाशन मीडिया पर 19 करोड़ 17 लाख 85 हजार 671 रुपए, क्षेत्र प्रचार पर 4 अरब 14 करोड़ 1 लाख 4 हजार 531 रुपए खर्च किए गए।

# काव्यांश के स्थापना दिवस पर कवियों ने बिखेरी चमक

## 16वीं स्थापना दिवस पर पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के स्थापना दिवस 14 जुलाई को काव्यांश साहित्य मंच के साहित्यकारों द्वारा पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर वर्षा ऋतु के आगमन पर कविता की चमक बिखेरते हुए स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। वरिष्ठ समाज सेवी एवं साहित्य प्रेमी दाऊलाल चंद्राकर, एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार के सानिध्य में यह कार्यक्रम हुआ। छत्तीसगढ़ी के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. बंधु राजेश्वर खरे ने काव्य समर्पित करते हुए कहा कि सुनो तो बरखा रानी छोड़ो अब रिसानी जी, बरसो पानी पानी जी। वरिष्ठ पत्रकार उत्तरा विदानी ने कहा कि चल चल गा किसान बोए ल चल धान, असाढ़ आगे रे। अपने सुमधुर आवाज में संगीत एवं गीतकार सुरेंद्र मानिकपुरी ने कविता प्रस्तुत किया। घटा करिया समाये रे सगरी अगास, चंदा काबर लुकाए सूरुज हे उदास। वरिष्ठ साहित्यकार एवं गजनकार अशोक शर्मा ने कहा कि आंखे छलकने लगी लेकिन बदरा नहीं। मंचीय उद्बोधन करते हुए साहित्यकार एस चंद्रसेन ने पंक्तियां समर्पित की- जब दामिनी नर्तन करती है, नभ गर्जन के ताल में, थिरकने लगती सारी धरती वर्षा तेरी चाल में। वर्षा के आगमन पर साहित्यकार डॉ. साधना कसार ने कहा कि मौसम ने ली अंगड़ाई शीतल चले पुरवाई सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी मृदुल ने अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक ओर बारिश की फुहारों ने चेहरे पर राहत लिख दी तो दूसरी ओर बिजली के बुझते दीपों ने अंधेरे का विस्तार कर दिया। संस्थापक अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने अपनी कविता से कार्यक्रम ने नई ऊंचाईयां दी कोन हितु कोन मितुवा तोरे कोन ल गर के हार मानबे। छत्तीसगढ़ी में अपनी कविता की चमक बिखेरते हुए साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने कहा कि बबा डंडा उठा के मानसून ल पूछिस तै आबे कि नई जल्दी बता, मानसून डेरा गे अऊ जल्दी आगे। स्थापना दिवस एवं कार्यक्रम की सफलता पर दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि काव्यांश साहित्य एवं कलापथक महासमुंद एवं प्रदेश के लिये प्रेरणा साबित होगा। उन्होंने कहा कि संस्थान ने कला, साहित्य एवं संस्कृति को जीवंत बनाये रखा है। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष डी. बसंत साव, केआर सागर, भगोलीराम साहू, द्रौपती साहू ने भी अपनी कविता से मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन द्रौपती साहू सरसिज एवं आभार प्रदर्शन डी. बसंत साव ने किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## बेस्ट फायरर अवार्ड से सम्मानित हुए सब इंस्पेक्टर दिनेश

**महासमुंद।** जिले के सब इंस्पेक्टर दिनेश चक्रधारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित बेस्ट फायरर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कांकेर स्थित जंगल वार कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। संस्थान के डायरेक्टर आईजी लामा ने सब इंस्पेक्टर दिनेश को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने फायरिंग कौशल, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। दिनेश चक्रधारी की इस उपलब्धि पर उनके सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जताई है।



## विद्या मंदिर कोमाखान में आचार्य भारती का गठन

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान में आचार्य भारती, कन्या भारती, बाल भारती एवं शिशु भारती का गठन पश्चात शपथ ग्रहण किया गया। सर्वप्रथम मां भारती, प्रणव अक्षर ओम तथा सरस्वती माता के छायाचित्र पर पूजन हुआ। मध्य में प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय द्वारा सभी आचार्य दीदीयों एवं भैया बहनों को विद्यालय के दायित्व का महत्व बताया गया। आचार्य भारती में प्रधानाचार्य टिकेश्वर को प्रशासनिक, लता को साहित्य एवं शारीरिक, देवांगन आरटीई एवं बौद्धिक, त्रिवेणी को कार्यालय प्रमुख, माधवी को सांस्कृतिक, संजू को समयपाल, समीक्षा को प्रार्थना, रजनी को परीक्षा, लीला को शिशु वाटिका, भारती को खोया पाया, आया सुनीता को सफाई का दायित्व दिया गया। साथ ही ओमप्रकाश टंडन को बाल भारती अध्यक्ष, पृथ्वीराज पाड़े को उपाध्यक्ष, कन्या भारती अध्यक्ष अदिती गायकवाड़, उपाध्यक्ष डिम्पल पांडे, शिशु भारती अध्यक्ष जय शर्मा एवं साक्षी टंडन, उपाध्यक्ष हिमांशु साहू एवं हिना टंडन को बनाया गया। इसके साथ अन्य विभाग प्रार्थना, शारीरिक, समयपाल, सांस्कृतिक, स्वच्छता, पेयजल, भोजन व्यवस्था, अतिथि स्वागत का दायित्व भी अलग अलग भैया बहनों को दिया गया।

### आंदोलन : वेतन विसंगति और क्रमोन्नति सहित अनेक मांग शामिल

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन ने किया धरना प्रदर्शन, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक / समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले 15 जुलाई 2026 को प्रदेश के लाखों शिक्षकों ने अपनी लंबित और जायज मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में एक विशाल, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से ध्यानाकर्षण प्रदर्शन और रैली किया. प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर के नेतृत्व में हुए इस ऐतिहासिक आंदोलन में पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में शिक्षक अपनी आवाज बुलंद करने पहुंचे।

फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन शौक से नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की निरंतर बनी हुई उदासीनता के कारण उत्पन्न हुई विवशता का परिणाम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार को शिक्षकों की इन संवेदनशील और न्यायसंगत मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अविलंब सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। आंदोलन के पश्चात



फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन तहसीलदार अभनपुर को सौंपकर अपनी 7 सूत्रीय ज्वलंत मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की।

फेडरेशन की प्रमुख 7 सूत्रीय मांगें में 'मोदी की गारंटी' (घोषणा पत्र) के वादे के अनुरूप सहायक शिक्षकों की लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति को तत्काल दूर किया जाए और क्रमोन्नति का लाभ दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का शत-प्रतिशत पालन करते हुए पदोन्नति में वरिष्ठता का पूर्णतः ध्यान रखा जाए और टीईटी की समय-सीमा 30 अगस्त 2028 तक सुनिश्चित की जाए।

विभागीय परीक्षा का आयोजनः वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा अविलंब विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित की जाए। शिक्षकों की कुल सेवा अवधि की गणना शिक्षाकर्मी या प्रथम नियुक्ति तिथि से करते हुए उनकी पुरानी सेवा के समस्त लाभ प्रदान किए जाएं। प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सभी एकल शिक्षकीय स्कूलों में तुरंत अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था की जाए। विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) ऐप में आ रही तकनीकी व नेटवर्क कमियों को पूरी तरह ठीक किया जाए। जब तक यह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाता, तब तक इसके कारण किसी भी शिक्षक का वेतन न रोका जाए। युक्तिकरण नीति के तहत मर्ज किए गए प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों को शाला प्रबंधन समिति में कोषाध्यक्ष का प्रभार सौंपा जाए।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों (मनीष मिश्रा, राजू टंडन, देवेंद्र हरमुख, शेषनाथ पांडेय, वसंत कौशिक, कौशल अवस्थी सहित अन्य) ने संयुक्त रूप से कहा कि आज का यह प्रदर्शन शासन का ध्यानाकर्षण कराने के लिए था। यदि समय रहते विभाग और शासन द्वारा इन मांगों पर कोई ठोस और लिखित आदेश जारी नहीं किया जाता है, तो संगठन भविष्य में इससे भी अधिक उग्र और व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

आंदोलन में हजारों शिक्षकों के साथ सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान रविंद्र राठौर, राजू टंडन, देवेंद्र हरमुख, मनीष मिश्रा, शेषनाथ पांडेय, बसंत कौशिक, कौशल अवस्थी, अश्वनी कुर्रे, सुरजीत सिंह चौहान, जिला महासमुंद से जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, प्रदेश पदाधिकारी सिराज बक्श, आदित्य गौरव साहू, राजाराम पटेल, दिनेश नायक, प्रदीप पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय बाबूलाल ध्रुव, प्रकाश बघेल, कमलेश नायक, शरण दास, गणेश चौहान आदि शामिल रहे।

## गनेकेरा में रागी प्रोसेसिंग की पहली यूनिट स्थापित, अब स्थानीय स्तर पर होगा अन्न का प्रसंस्करण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के किसानों को अब रागी ( अन्न) उत्पादन के साथ-साथ बेहतर बाजार एवं मूल्य संवर्धन का लाभ दिलाने ग्राम गनेकेरा में रागी मिलेट्स, मिलेट्स पफ एवं दलिया प्रोसेसिंग का पहला यूनिट की सफलतापूर्वक स्थापना की गई है। यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब यह रागी के प्रसंस्करण के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके प्रारंभ होने से क्षेत्र के रागी उत्पादक किसानों को अपनी उपज के प्रसंस्करण के लिए स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध होगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले में धान के बदले मिलेट्स, रागी फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष 15 हजार हेक्टेयर में अन्य फसल उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है।

उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण कर मशीनों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यूनिट का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने तथा किसानों को इसका अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कश्यप ने बताया कि रागी प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना से किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण होने से परिवहन एवं प्रसंस्करण लागत में कमी आएगी, वहीं रागी के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार होने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा मोटे अनाज (अन्न) के उत्पादन एवं उपयोग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में यह यूनिट जिले में अन्न आधारित कृषि को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

## नियमित योग क्लास में पहुंची राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित सांस्कृतिक भवन में संचालित नियमित योग क्लास में छत्तीसगढ़ राज्य कार्यकारिणी की सदस्या हेमलता साहू पहुंची, जहां उन्होंने योग क्लास का निरीक्षण किया गया। यहां उपस्थित साधकों की बैठक लेकर चर्चा भी की।

बैठक में हेमलता साहू ने स्वदेशी के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला और दैनिक जीवन में स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार व उच्च शिक्षा देने तथा परिवार को कैसे संगठित और सूत्रबद्ध रखा जाए, इस विषय पर सभी का व्यवहारिक मार्गदर्शन किया। विशेष रूप से हेमलता साहू द्वारा यज्ञ एवं हवन के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन, नहीं तो कम से कम सप्ताह



में एक बार यज्ञ-हवन अवश्य करना चाहिए। इससे न केवल हमारा तन और मन पवित्र होता है, बल्कि आस-पास का वातावरण और पूरी प्रकृति भी शुद्ध व रोगमुक्त होती है। कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की गई कि यह क्लास जिले की सर्वश्रेष्ठ नियमित योग क्लास है, जहां सभी साधक अत्यंत धैर्य, अनुशासन और समर्पण के साथ योग साधना कर रहे हैं। साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि यह नियमित योग क्लास हमेशा इसी स्थान (सांस्कृतिक भवन) पर निरंतर संचालित होती रहेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुमति साहू, महामंत्री पूनम पटले, भारत स्वाभिमान के जिला मीडिया प्रभारी संदीप पटले तथा योगी नाथ मेश्राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नियमित योग साधकों में पूजा पांडे, कल्याणी साहू, नीतू यादव, लता सोनी, हेमलता कोसेरे, मोतीन कोसेरे, राधा साहू, गायत्री पटेल, जमुना साहू, सुमन वर्मा, मीना वर्मा, केशव देवांगन, नीलम रावल, पिंकी धीवर, परमेंद्र नसीने, विद्या, उषा देवांगन, भावना चंद्राकर सहित पूरी कॉलोनी के नागरिक, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के संस्कार में महिलाओं के सम्मान को स्थान नहीं

### सोशल मीडिया में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ थाने में एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोशल मीडिया पर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कल भाजपा महिला मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला साइबर सेल महासमुंद एवं तुमगांव थाना पहुंचकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्राम कांपा निवासी और कांग्रेस से जुड़े व्यक्ति सुरेंद्र दुबे द्वारा फेसबुक पर महिलाओं के खिलाफ की गई टिप्पणी ने पूरे जिले की महिलाओं की भावनाओं को आहत किया है। इस घृणित कृत्य के विरोध में महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साइबर सेल और थाना में लिखित शिकायत सौंपकर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

इस अवसर पर सुधा साहू ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के संस्कार और सोच में महिलाओं के प्रति सम्मान का कोई स्थान नहीं है। महिलाओं



का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है। जब कोई कांग्रेस कार्यकर्ता खुलेआम सोशल मीडिया पर मातृशक्ति के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करता है और कांग्रेस का एक भी नेता, एक भी पदाधिकारी मुंह नहीं खोलता तो यह स्पष्ट हो जाता है कि यह उनकी सोची समझी रणनीति है। कांग्रेस की यह मौन सहमति ही इस महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताएं और बहनें किसी भी कीमत पर अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी। सोशल मीडिया को गाली गलौज और महिलाओं को बदनाम करने का अड्डा बनाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। कांग्रेस को स्पष्ट करना होगा कि क्या पार्टी ऐसे लोगों के साथ खड़ी है, जो सार्वजनिक मंच पर महिलाओं की गरिमा तार-तार करते हैं। यदि कांग्रेस ने तुरंत इस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं की और सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की तो भाजपा महिला मोर्चा इस घृणित कृत्य के विरोध में सख्त रुख अपनाएगी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने भी इस कृत्य की निंदा कार्य हुए ऐसे तत्वों पर पुलिस को तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस मौके पर महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि शीघ्र ही आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे। कार्यक्रम में तुमगांव मण्डल के पूर्व व वर्तमान मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल एवं तेजेंद्र शर्मा व जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित महिला मोर्चा जिला महामंत्री शुभ्रा शर्मा, प्रीति मक्कड़, गिरिजा दास, विजयलक्ष्मी जांगड़े, मधु यादव, आकाश पांडे, नंदू जलक्षत्री, अभिषेक पांडे, कुशल ठाकुर, आयुष सोनी, डिगेश साहू, मुनेश साहू, देवराज साहू, राजू कीर्ति, कुशल साहू, मणिकराम सोनवानी, जतिन रूपरेला, गीतिका सोनी, विकास चंद्राकर, नरेंद्र साहू, नंदनी यादव, सुनीता कहार सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अजय के आईजी नियुक्त होने एवं पदभार ग्रहण करने पर यादव महासभा ने जताया हर्ष

**सरायपाली।** यादव समाज के गौरव छत्तीसगढ़ कैडर के वर्ष 2004 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अजय यादव को राजनांदगांव रेंज का पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) नियुक्त किए जाने एवं पदभार ग्रहण करने पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।



यादव ने अपने पुलिस सेवा काल में विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी एवं सशक्त कार्य किया है। । उनके पदभार ग्रहण करने पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव इंजी. एसडी यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ममता यादव, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नारद यादव (बेमेतरा), जितेंद्र यादव (बिलासपुर), धनेश यादव (ब्लॉक अध्यक्ष, बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़), राजेंद्र यादव (जिला अध्यक्ष, सारंगढ़), विनोद यादव (जिला अध्यक्ष, महासमुंद), कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉ. पवन यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव (राजू), मयंक यादव, तुषार यादव (सरायपाली) तथा आर.के. यादव, महेश यादव, अनिल यादव (जिला अध्यक्ष, रायपुर), नागेश यादव एवं चंदन यादव सहित अनेक पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

## एनसीसी कैडेट्स को कर्तव्य व जिम्मेदारियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल एस वेलमुरूगन और एडम अधिकारी कर्नल सुभाष महतो के निर्देशन में लखौली में आयोजित 10 दिवसीय शिविर में एनडीआरएफ की टीम कैडेट्स को आपदा एवं आपदा प्रबंधन के विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। साथ ही आपदा के दौरान एनसीसी कैडेट्स के कर्तव्य व जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

इसी क्रम में अल्फा कंपनी के लगभग 200 कैडेट्स ने लखोली फायरिंग रेंज पर फायरिंग की। फायरिंग का उद्देश्य ऐसे कैडेट्स तैयार करना जो आगे चलकर टीएससी, आरडीसी और अन्य नेशनल लेवल कैंप में बटालियन और ग्रुप को लीड कर सके। अंत में शाम के कार्यक्रम में ब्रावो



और चार्ली कंपनी के मध्य वॉलीबॉल का मैच कराया गया। साथ ही रस्साकसी का मैच दोनों कंपनियों के कैडेट्स के बीच कराया गया। सभी कैडेट्स ने अपनी अपनी कंपनी के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। मैच के दौरान वाइस कैंप कमांडेंट कर्नल सुभाष महतो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन करने हेतु उपस्थित रहे। अंत में उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन में रहने एवं खेल भावना के साथ खेलने के प्रोत्साहित किया। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एनसीसी अधिकारी उपस्थित हैं जिनमें कैंप एजुटेंट लेफ्टिनेंट डॉ. रवि बंजारे, लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, सेकंड ऑफिसर रीता शुक्ला, सेकंड ऑफिसर मंजूनाथ, सेकंड ऑफिसर हर्ष, सेकंड ऑफिसर कमलेश चंद्राकर, सेकंड ऑफिसर बीरेंद्र पटेल, सेकंड ऑफिसर वासुदेव शर्मा, सीटीओ दमयंती साव शामिल रहे। इसके साथ साथ कैडेट्स के विशेष प्रशिक्षण हेतु आर्मी स्टाफ से प्रभारी प्रशिक्षण अधिकारी सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार जगतार सिंग, सूबेदार बट्टू सिंग, हवलदार दलजीत सिंग, हवलदार सुकेंद्र, हवलदार गजेंद्र, हवलदार परमिंदर सिंग आदि लगातार कैडेट्स को 10 दिवस तक प्रशिक्षित करेंगे।

## सशिमं चिरको में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर चिरको में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सभापति रोशन पटेल, डा हरिराम पटेल, जगमोहन सिंह ठाकुर, नेमीचंद साहू, दुष्यंत कुमार ध्रुव, गिरधर साहू, प्रधानाचार्य मायाराम ध्रुव, आचार्य तिलकचंद साहू, फलेश्वरी पटेल, नंदनी साहू, पालक एवं माताएं आदि उपस्थित थे। नवप्रवेशित भैया-बहनों को पुस्तक वितरण एवं चंदन टीका लगाकर सभी बच्चों का स्वागत अभिनंदन किया गया एवं विद्यालय समय, पढ़ाई लिखाई पर चर्चा की गई।

## सरस्वती उमावि कसेकेरा में बाल, किशोर, तरूण व कन्या भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती ग्राम गंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा प्रकल्प में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बाल भारती किशोर भारती व तरुण भारती एवं कन्या भारती का गठन व शपथ ग्रहण हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों और आचार्य को उनकी रुचि, नेतृत्व क्षमता एवं कार्य कुशलता के आधार पर विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा भारत माता, ऊं, मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें अध्यक्ष तिलोचना यादव, राहुल निषाद, उपाध्यक्ष यमुना यादव, राहुल यादव, सचिव गीता पटवा, डेविड सिन्हा, सहसचिव संध्या साहू, टिमेश साहू, सेनापति प्राची पटेल, चंदन डड़सेना, उप सेनापति माही सेन, उमेश कुमार साहू, खोया-पाया पल्लवी पटेल, हिमांशु साहू, बागवानी प्रमुख लितेश्वरी साहू, लालू प्रसाद रात्रे, स्वच्छता प्रमुख ऐश्वर्या साहू, प्रियांशु साहू, सांस्कृतिक प्रमुख श्रुति साहू, तुषार पटेल, शारीरिक प्रमुख तानिया साहू, जितेश्वर राजपूत, वंदना प्रमुख प्रियांशी पटेल, दीपक पटेल, जन्मदिवस प्रमुख लालिमा साहू, गौरव साहू, चिकित्सा प्रमुख ईशा चंद्राकर, लक्ष्य साहू, मासिक गीत प्रमुख सुष्मिता ठाकुर, युगल पटेल, विद्युत प्रमुख मिताली साहू, चुम्मन पाड़े, बैठक व्यवस्था प्रमुख जिया यादव, मोनिष पटेल, जल व्यवस्था प्रमुख गंगा सिंह, केदारनाथ सिन्हा, पुस्तकालय प्रमुख मोनिका



चक्रधारी हिमांशु चंद्राकर, इसी प्रकार बाल भारती से प्रार्थना प्रमुख रेणुका साहू, लोकेश पटेल, इशिका साहू, दीप जगत, गीत प्रमुख लक्ष्य तिवारी साहिल सोनवानी, लीला साहू प्रिंसी पटेल, शारीरिक प्रमुख जितेंद्र सिंह श्याम, उमेश चक्रधारी, स्वच्छता प्रमुख शैलेंद्र सिंह, राजेंद्र साहू, साइकिल स्टैंड मीना साहू, नीलकंठ साहू, वसुंधरा बघेल देव, लक्ष्मी देवांगन, बैठक व्यवस्था प्रमुख प्रेमा चंद्राकर लवली साहू, सूर्यकुमार साहू, दिवाकर पटेल, भोजन व्यवस्था प्रमुख चिराग साहू, तुषार ठाकुर, प्राची साहू, पुष्पांजलि साहू, जन्मदिवस प्रमुख देव्यानी पांड़े, शैलेंद्र प्रताप मोगरे, अध्यक्ष भूपति पटेल, मनीष साहू, इसी प्रकार कक्षा नायक कक्षा द्वादश से सतीश सिन्हा, ओमिका साहू, कक्षा एकादश से नीरज पटेल, एकता तांडे, दशम से सिद्धार्थ दीवान, सुष्मिता साहू, नवम से भावेश पांडे, यंशिका साहू, कक्षा अष्टम से कक्षा नायक, भूपति पटेल, अन्नया तिवारी, सप्तम से कक्षा नायक डायमंड साहू, निशा साहू, कक्षा षष्ठ से देवेश यादव व तेजस्विनी साहू शामिल है।


